**SET-1**

**Series NSQF**

कोड नं. **504/1**
**Code No.**

रोल नं.
Roll No. | | | | | | | |

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **7** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में 18 प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

# संकलित परीक्षा – II
## SUMMATIVE ASSESSMENT – II

# हिन्दी
# HINDI

## (पाठ्यक्रम ब)
## (Course B)

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 90*

*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 90*

***निर्देश :*** *(i)* *इस प्रश्न-पत्र के* ***चार*** *खण्ड हैं – क, ख, ग और घ ।*

*(ii)* *सभी खण्डों के प्रश्नों के उत्तर देना* ***अनिवार्य*** *है ।*

*(iii)* *यथासंभव प्रत्येक खण्ड के उत्तर क्रमशः दीजिए ।*

## खण्ड क

**1.** निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : *2×6=12*

रामकृष्ण मिशन की स्थापना रामकृष्ण परमहंस के देहावसान के बाद विवेकानन्द ने की थी । रामकृष्ण परमहंस अपने संपूर्ण व्यक्तित्व में परमहंस थे ! उनके योग्य शिष्य विवेकानन्द ने उन्हें बाहर से भक्त और भीतर से ज्ञानी कहा है । स्वयं विवेकानन्द के सम्बन्ध में ठीक इसका उलटा कहा जा सकता है । सन् 1893 में विवेकानन्द विश्वधर्म संसद् में सम्मिलित होने के लिए शिकागो गए । उनका मुख्य प्रयोजन रामकृष्ण परमहंस के उपदेशों का प्रचार करना था, फिर सामाजिक कार्यों में उनकी गहरी रुचि थी । मानवीय समता के विश्वासी होने के कारण उन्होंने जाति, सम्प्रदाय, छुआछूत आदि का विरोध किया । उनके अनुसार धर्म वह है जो शारीरिक, बौद्धिक और आध्यात्मिक शक्ति दे तथा जो आत्मसम्मान और राष्ट्रीय गौरव प्रदान करने में सहायता करे । विवेकानन्द ने हीनता की भावना से ग्रस्त देश को यह अनुभव कराया कि इस देश की संस्कृति अब भी अपनी श्रेष्ठता में अद्वितीय है । इस देश का आध्यात्मिक चिन्तन असमानान्तर है । आध्यात्मिक स्तर पर मनुष्य-मनुष्य की समता, एकता, बन्धुत्व और स्वतंत्रता की ओर भी उन्होंने हमारा ध्यान आकृष्ट किया । पश्चिम की भौतिकता से चमत्कृत देशवासियों को पहली बार यह अनुभव हुआ कि हमारी अपनी परंपरा में भी कुछ ऐसी वस्तुएँ हैं, जिन्हें संसार के समक्ष गौरवपूर्ण ढंग से रखा जा सकता है ।

(क) विवेकानन्द के व्यक्तित्व के बारे में रामकृष्ण परमहंस के विपरीत क्या-क्या कहा जा सकता है ?

(ख) विश्वधर्म संसद् में सम्मिलित होने के लिए विवेकानन्द कहाँ गए और क्यों ?

(ग) विवेकानन्द ने किन चीज़ों का विरोध किया ? उनके अनुसार सच्चा धर्म क्या है ?

(घ) संस्कृति के बारे में विवेकानन्द ने देश को क्या अनुभव कराया और क्यों ?

(ङ) देश के आध्यात्मिक चिन्तन के बारे में विवेकानन्द के क्या विचार थे ?

(च) देशवासियों को विवेकानन्द ने क्या अनुभव कराया ?

**2.** निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : *2×4=8*

नए समाज के लिए नवीन नींव पड़ चुकी
नए मकान के लिए नवीन ईंट गढ़ चुकी
सभी कुटुंब एक, कौन पास, कौन दूर है
नए समाज का हरेक व्यक्ति एक नूर है ।
कुलीन जो उसे नहीं गुमान या ग़रूर है
समर्थ शक्तिपूर्ण जो किसान या मजूर है
भविष्य-द्वार मुक्त से गले मिले चले चलो
मनुष्य बन मनुष्य से गले गले मिले चलो
समान भाव के प्रकाशवान सूर्य के तले
समान रूप-गंध फूल-फूल-से खिले चलो
पुरान पंथ में खड़े विरोध वैर भाव के –
त्रिशूल को दले चलो, बबूल को मले चलो
प्रवेश-पर्व है स्वदेश का नवीन वेश में
मनुष्य बन मनुष्य से गले मिले चलो ।
नवीन भाव दो कि मैं नवीन गान गा सकूँ
नवीन देश की नवीन अर्चना सुना सकूँ ।।

(क) काव्यांश में किसके बारे में कहा गया है और क्यों ?

(ख) काव्यांश में कैसे समाज की चर्चा की गई है और नए समाज की क्या विशेषता बताई गई है ?

(ग) 'फूल-फूल-से खिले चलो' पंक्ति का क्या आशय है ?

(घ) किन प्राचीन भावनाओं को समाप्त करने की बात काव्यांश में कही गई है और क्यों ?

## खण्ड ख

**3.** निर्देशानुसार उत्तर दीजिए : *1×3=3*

(क) जो विद्वान होता है उसे सभी आदर देते हैं । (सरल वाक्य में बदलकर लिखिए)

(ख) ज्योंही वह घर पहुँचा वर्षा होने लगी । (संयुक्त वाक्य में बदलकर लिखिए)

(ग) मोहन के पिता उसके घर पहुँचने पूर्व चल चुके थे ।
(रचना के आधार पर वाक्य-भेद लिखिए)

**4.** निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए : *1×4=4*

(i) हम पूरी पुस्तक पढ़ लिए हैं ।

(ii) मेरा प्राण अटका है ।

(iii) कपड़े सिलाई हो रहे हैं ।

(iv) तुम तुम्हारा काम करो ।

**5.** (क) निम्नलिखित में समास करके समास का भेद लिखिए : *2*

रस से भरा, महान् जो वीर ।

(ख) निम्नलिखित का विग्रह करके समास का भेद लिखिए : *2*

चरणकमल, पुस्तकालय ।

**6.** (क) शब्द कब पद बन जाता है ? उदाहरण सहित लिखिए । *1*

(ख) शब्द किसे कहते हैं ? उदाहरण देकर समझाइए । *1*

**7.** निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखिए : *1+1=2*

पीठ दिखाना, चार चाँद लगाना ।

## खण्ड ग

**8.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : *2+2+1=5*

(क) 'गिरगिट' कहानी में समाज की किन विसंगतियों की ओर संकेत किया गया है ? किन्हीं दो के बारे में अपने शब्दों में लिखिए ।

(ख) 'गिन्नी का सोना' पाठ के आधार पर बताइए कि आदर्श और व्यवहार का प्रयोग समाज में किस प्रकार करना चाहिए और व्यवहार की उपयोगिता कब बढ़ जाती है ।

(ग) 'कारतूस' पाठ के आधार पर सआदत अली की किन्हीं दो विशेषताओं का उल्लेख कीजिए ।

**9.** 'कारतूस' पाठ के आधार पर वज़ीर अली का चरित्र-चित्रण करते हुए सिद्ध कीजिए कि वह एक देशभक्त सिपाही था । *5*

**10.** निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : *2+2+1=5*

कोई सभ्य आदमी ऐसा कुत्ता काहे को पालेगा ? तुम लोगों का दिमाग़ ख़राब तो नहीं हो गया है । यदि इस तरह का कुत्ता मास्को या पीटर्सबर्ग में दिख जाता, तो मालूम हो उसका क्या हश्र होता ? तब कानून की परवाह किए बग़ैर इसकी छुट्टी कर दी जाती । तुझे इसने काट खाया है तो प्यारे एक बात गाँठ बाँध ले, इसे ऐसे मत छोड़ देना ।

(क) कुत्ते को सभ्य आदमी द्वारा न पाले जाने के क्या कारण हैं और मास्को में इसकी क्या स्थिति हो सकती थी ?

(ख) इंस्पेक्टर ख्यूक्रिन को कैसे और क्यों सांत्वना दे रहा था ?

(ग) गद्यांश में पुलिस इंस्पेक्टर ने क्या कहकर अपना रंग बदला ?

**11.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : *2+2+1=5*

(क) 'मनुष्यता' कविता के आधार पर लिखिए कि उदार व्यक्ति की पहचान किन-किन बातों से होती है ।

(ख) 'कर चले हम फ़िदा' कविता में धरती को दुलहन क्यों कहा गया है ? अपने शब्दों में लिखिए ।

(ग) बिहारी ने ईश्वर को प्रसन्न करने के लिए किन आडंबरों का विरोध किया है ?

**12.** 'आत्मत्राण' कविता के माध्यम से कवि ने क्या संदेश दिया है ? अपने शब्दों में विस्तार से लिखिए । *5*

**13.** मास्टर प्रीतम चंद पुरानी पीढ़ी के शिक्षक हैं जो छात्रों को मार-पीटकर अनुशासित रखने में विश्वास रखते हैं । जीवन मूल्यों की दृष्टि से इस मान्यता की समीक्षा कीजिए । *5*

## खण्ड घ

**14.** निम्नलिखित में से किसी ***एक*** विषय पर, संकेत-बिन्दुओं के आधार पर लगभग 80 – 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए : *5*

(क) हमारा देश

- भौगोलिक स्थिति
- प्राकृतिक सुषमा
- विकास की ओर

(ख) श्रम का महत्त्व

- श्रम और संघर्ष
- सफलता की पूँजी
- उन्नति की प्रेरणा

(ग) <u>कम्प्यूटर</u>

- उपयोगी वैज्ञानिक आविष्कार
- उपयोगिता
- प्रगति की ओर

**15.** आए दिन आपके क्षेत्र में हो रही मोटरवाहन की चोरियों की ओर ध्यान आकृष्ट करते हुए थानाध्यक्ष को पत्र लिखकर विशेष निगरानी के लिए अनुरोध कीजिए । *5*

**16.** निर्वाचन आयोग की ओर से जनता की सूचना के लिए क्षेत्रीय निर्वाचन सूची में संशोधन/परिवर्तन के लिए एक सूचना लगभग 30 शब्दों में लिखिए । *5*

**17.** बढ़ते प्रदूषण के सम्बन्ध में अपेक्षित उपाय के लिए पहल करने के विषय में मित्र के साथ हुए वार्तालाप को लगभग 50 शब्दों में लिखिए । *5*

**18.** भ्रष्टाचार-निवारण अभियान के अंतर्गत मुख्य बाज़ार के चौक पर 'नुक्कड़ नाटक' आयोजन का विज्ञापन लगभग 25 शब्दों में लिखिए । *5*